तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# मध्यांचल भूमि

रायपुर, गुरुवार 26 सितंबर 2024



11 प्रशांत के हत्यारों पर हो सख्त कार्रवाई, साहू समाज...





12 हॉस्टल में हो सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम, खिलवाड़ ...






# निर्माण कार्यों में देरी, प्रशासन ने 153 ठेकेदारों पर ठोंकी पेनाल्टी

## समय सीमा पर निर्माण कार्य नहीं कराने पर जिला प्रशासन ने की कार्रवाई और बढ़ाई अवधि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

कलेक्टर की अध्यक्षता में संयुक्त जिला कार्यालय में जल जीवन मिशन अंतर्गत जिला जल एवं स्वच्छता मिशन समिति की बैठक हुई। कलेक्टर ने कामकाज में धीमी प्रगति नाराजगी जताते हुए कामकाज में गति लाने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिले में 106 कार्यों के लगभग 53 कन्स्ट्रक्शन कम्पनियों के 153 ठेकेदारों पर पेनाल्टी के साथ उनके कार्य में समय वृध्दि कर अनुमति प्रदान की गई। कलेक्टर श्री सोनी ने दो टूक कहा कि जल जीवन मिशन में किसी भी की तरह की कार्यों में लापरवाही बरदास्त नहीं की जायेगी। उन्होंने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत कार्य शुरू होने से पहले इंजीनियर यह सुनिश्चित कर लें कि संबंधित गांव में जल स्त्रोत की उपलब्धता हो। बिना जल स्त्रोत उपलब्धता के कोई भी काम शुरू न होने दें। सभी इंजीनियर ठेकेदार द्वारा कराए जा रहे कार्यों का मॉनिटरिंग करें और प्रगति के लिए लगातार फॉलो अप करते रहें। पाइप लाइन के बिछाने के कार्य के साथ ही साथ टंकी निर्माण का कार्य भी शुरू करें, जिससे समय पर सभी काम पूरा हो सके। उन्होंने कहा कि जिन स्थानों पर जल स्त्रोत व बिजली की समस्या है, वहां स्थल भ्रमण कर जांच करें। उन्होंने कार्य पूर्ण होने के बाद हैंड ओवर लेने में सरपंचों द्वारा रुचि नहीं लेने के मामले पर भी आवश्यक समन्वय करने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने पाइप लाइन बिछाने के लिए खोदे जाने वाले गड्ढों को खुला छोड़ने ▶▶ शेष पेज 11 पर



### गांवों में 334 पानी टंकियों का निर्माण प्रगति पर

जिला कार्यालय को प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले के कुल 736 ग्रामों में कुल 616 पानी टंकी स्वीकृत की गई है। जिसमें से 265 पानी टंकी का निर्माण पूर्ण हो गया है एवं 334 पानी टंकी निर्माण प्रगतिरत है। आने वाले एक महीने के भीतर लगभग 100 पानी टंकियां पूरी तरह बनकर तैयार हो जायेगी। उक्त बैठक में जल जीवन मिशन के अनुबंधित कार्यों की समय वृध्दि में स्वीकृति, अन्य सम्पादित कार्यों की आनलाइन डिमांड अनुमोदन एवं गिरौदपुरी समूह जल प्रदाय योजना के कार्य शामिल रहें। उक्त बैठक पीएचई के कार्यपालन अभियंता मनोज ठाकुर, सभी एसडीओ, सब इंजीनियर सहित अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

## खबर संक्षेप

### नाबालिग बच्चियों के साथ अश्लील हरकत आरोपी जेल दाखिल

**सिमगा।** अंचल में दो नाबालिग बालिकाओं के साथ अश्लील हरकत करने वाले युवक को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जानकारी के अनुसार चार दिन पूर्व आरोपी चन्द्रकुमार पिता शिवकुमार वर्मा ने दो नाबालिग बच्चियों के साथ अश्लील हरकत किया। इसकी जानकारी पीड़ित बच्चियों ने अपने परिजनों को दी, जिस पर परिजनों ने संबंधित थाने में आरोपी के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध कराया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने बच्चियों का डाक्टरी परीक्षण कराकर आरोपी भूषण उर्फ चन्द्रकुमार वर्मा को बिनैका से पास्को एक्ट् के तहत गिरफ्तार कर जेल दाखिल किया है।



### पितरों की याद में रोपे गए पौधे



**पलारी।** क्षेत्र के ग्राम कौड़िया में पेड़ नहीं हम प्राण लगाबो टीम द्वारा पितृपक्ष नवमीं पर पुरखों के नाम बेल का पौधारोपण किया। विदित हो कि टीम द्वारा सुख-दुःख, मांगलिक, छठी, जन्मदिन पर पौधारोपण किया जाता है, जिससे दिनोदिन जलवायु एवं पर्यावरण में बढ़ती तापमान भीषण प्रदूषण में नियंत्रण हो सके। इस उद्देश्य से ग्रामीण ही नहीं अपितु टीम द्वारा पौधारोपण एवं संरक्षण किया जा रहा है। इस मुहिम में कपिल कश्यप, पवन कुमार जायसवाल, मनमोहनदास वैष्णव, लक्ष्मण वर्मा, उत्तम वर्मा एवं साथी उपस्थित थे।

### बूथ स्तर पर मनाई गई पं. दीनदयाल उपाध्याय जयंती



**पलारी।** एकात्म मानववाद के प्रणेता पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती शक्ति केन्द्र कुसमी के ग्राम घिरघोल के बुथ में उनके छायाचित्र पर पूजा अर्चना कर मनाई गई। इसमें मुख्य रूप से लोकेश्वर वर्मा जिला सह संयोजक सहकारिता प्रकोष्ठ, वरिष्ठ भाजपाई रमाशंकर बंजारे, कांशीराम घृतलहरे, राहुल चन्द्राकर मंत्री भाजयुमो, आसकुमार गिरी मंत्री अजा मोर्चा, रमेश टंडन बुथ अध्यक्ष, गंगा बाई चन्द्राकर, ममता चद्राकर, शंकर चन्द्राकर, बुथ कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आज

**मुड़पार-सरसीवां।** जिले के सरसीवां से भंवरपुर रोड स्थित बिलाईगढ़ ब्लॉक के ग्राम गाताडीह, सरसीवां में 26 सितम्बर को जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित किया जायेगा। शिविर सुबह 10.30 बजे शुरू होगा, जिसमें जिला व ब्लॉक स्तरीय तथा संबंधित अधिकारी उपस्थित रहेंगे। आवेदकों से आवेदन पत्र 10.30 से अपरान्ह 3 बजे तक लिया जाएगा, जिसका निराकरण तत्काल शाम 4 बजे तक किया जाएगा। शाम 4 बजे से सामग्री वितरण का कार्य किया जाएगा। शिविर के पहले दिनों में ग्रामीण अपना मांग या शिकायत का आवेदन पत्र ग्राम पंचायत सचिव के पास और शिविर के दिन शिविर स्थल में जमा कर सकते हैं।

### कर्मचारी फेडरेशन का धरना प्रदर्शन आज

**बलौदाबाजार।** कर्मचारी-अधिकारी फेडेशन का जिला स्तरीय धरना प्रदर्शन 27 सितंबर को सुबह 10 से शाम 4 बजे तक रखा गया है। 4 बजे के बाद रैली दशहरा मैदान ▶▶ शेष पेज 11 पर

## हादसा : ट्रक से अनलोडिंग के दौरान श्रमिक पर गिरा भारी भरकम एसएस स्टील क्वाइल

# अपोलो संयंत्र में श्रमिक की मौत, विरोध में परिजनों के साथ जनप्रतिनिधि धरने पर बैठे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिमगा- हथबंद

■ 24 घंटे में नहीं हो सका समझौता, परिजन एक करोड़ मुआवजा की मांग पर अड़े

तहसील सिमगा अंतर्गत ग्राम रिंगनी स्थित एपीएल अपोलो संयंत्र में 24 सितंबर की शाम 5 बजे संयंत्र में कार्यरत श्रमिक राविन्द्र यादव 29 वर्ष की ट्रक से एसएस स्टील क्वाइल अनलोड करते समय श्रमिक पर गिर जाने से घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। इसकी जानकारी ग्राम हरदी में मृतक के परिजनों को दी गई। इस बीच बुधवार को परिजनों के साथ क्षेत्र के विधायक इंद्र साव, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि अभिनव यदु, छत्तीसगढ़ क्रांति सेना के चंद्रकांत यदु, मजदूर कांग्रेस इंटक के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली, स्थानीय नेता रवि चंदा तिवारी के साथ संयंत्र के मेनगेट के सामने उचित मुआवजे की मांग को लेकर धरने पर बैठ गए। चर्चा में कहा गया कि परिजनों को 50 लाख रुपए का मुआवजा परिवार के सदस्य को नौकरी तथा पत्नी को 15 हजार रुपये मासिक पेंशन देने की बात कही गई, जिसे संयंत्र प्रबंधन ने यह बात अस्वीकार कर दिया। वहीं मृतक के परिजन 1 करोड़ रुपये मुआवजा दिए जाने की बात पर अड़े हुए हैं। प्रशासन की ओर से अनुविभागीय अधिकारी अंशुल वर्मा, एसडीओपी ऐश्वर्य चंद्राकर, तहसीलदार अनिरुद्ध मिश्रा, हथबंद थाना प्रभारी कैलाश चंद्र दास, सुहेला थाना प्रभारी लखेश केंवट, भाटापारा थाना प्रभारी के साथ पूरा प्रशासन सुरक्षा शांति व्यवस्था एवं समझौता करने के लिए तैयार थे। समाचार लिखे जाने तक किसी प्रकार का समझौता नहीं हो पाया था। इसी बीच पुलिस ने कार्रवाई करते हुए रवि चंदा तिवारी के साथ अन्य चार लोगों को गिरफ्तार कर सिमगा ले गए।



### अन्य ट्रकों में भरा था ज्वलनशील पदार्थ

उपरोक्त संदर्भ में प्रशासन एवं प्रबंधन का कथन है कि गेट में अत्यंत ज्वलनशील गैस से भरे तीन ट्रक खड़े थे, जिससे भारी दुर्घटना होने की आशंका थी। इसके बचाव के लिए गैस से भरे ट्रक को संयंत्र के अंदर करना अनिवार्य था, किसी बड़ी दुर्घटना न घटे इसलिए उक्त कार्रवाई करनी पड़ी, क्योंकि उक्त ट्रकों के सामने रवि चंदा तिवारी सहित अन्य उनके साथी ट्रकों के सामने सो गए थे, जिसकी वजह से उन्हें हटाकर अलग करना पड़ा। समाचार लिखे जाने तक कोई निष्कर्ष नहीं निकला था तथा प्रबंधन प्रशासन और परिजनों के मध्य चर्चा चल रही है।

### संयंत्र के गेट पर धरना प्रदर्शन जारी

बता दें कि घटना के बाद प्रबंधन द्वारा मृतक का पीएम रात में ही करने तैयारी कर ली गई थी तथा घटना की जानकारी संबंधित थाना को बाद में दी गई। उक्त मामले पर परिजनों एवं स्थानीय नेताओं ने प्रबंधन पर मामले को रफा दफा करने का भी आरोप लगाया। कल मंगलवार की रात 10 बजे से अभी समाचार लिखे जाने तक परिजन संयंत्र के गेट के बाहर धरने पर बैठे हुए हैं।

# लंबे समय बाद भटगांव में उप पंजीयक कार्यालय का लोकार्पण




हरिभूमि न्यूज ▶▶ भटगांव

■ आगामी आदेश तक नीलिमा अग्रवाल बनीं पंजीयक अधिकारी

सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के नगर भटगांव में उप पंजीयक कार्यालय खोलने के राजपत्र अधिसूचना में प्रकाशित किए लंबे समय बीतने के बाद भी लोकार्पण का कार्य प्रशासनिक प्रकिया के चलते अधर में लटका हुआ था, लेकिन प्रशासन ने समय रहते जिला कलेक्टर द्वारा 24 सितंबर को अधिसूचना जारी कर पुराना तहसील कार्यालय भटगांव में उप पंजीयक कार्यालय संचालन हेतु अपने कार्यों के साथ साथ नीलिमा अग्रवाल पदेन उप पंजीयक भटगांव के पद पर आगामी आदेश तक के लिए नियुक्त किया है। नव निर्मित तहसील कार्यालय में शिफ्टिंग का कार्य चल रहा है। अब उप पंजीयक कार्यालय भटगांव में जमीन खरीदी बिक्री के रजिस्ट्री का कार्य शीघ्र शुरू कर दिया जाएगा। आदेश मिलने के बाद भटगांव क्षेत्रवासी 20–25 वर्षों से भटगांव में उप पंजीयक कार्यालय खोलने की मांग की जा रही थी। आज वह सपना लंबे समय के बाद साकार हुआ है। इसी खुशी में क्षेत्र भर में हर्ष व्याप्त है।

## बास्केटबाल के खिलाड़ी पुरस्कृत



**भाटापारा।** मेजर ध्यान चन्द की स्मृति में राष्ट्रीय खेल दिवस के उपलक्ष्य में 29 अगस्त से 4 सितम्बर तक खेल सप्ताह का आयोजन क्रीड़ा भारती जिला बलौदाबाजार भाटापारा के द्वारा किया गया था। क्रीड़ा भारती जिला बलौदाबाजार द्वारा जिला स्तरीय बास्केटबाल प्रतियोगिता का आयोजन रावनभाटा मैदान बास्केटबाल कोर्ट में किया गया, जिसमें जिले भर से 75 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का आयोजन 21 वर्ष बालक बालिका वर्ग में किया गया था। उक्त प्रतियोगिता का पुरस्कार वितरण 24 सितम्बर को डॉ. विकास आडिल, राजकुमार मल अध्यक्ष जिला बास्केटबाल संघ आदित्य सिंह सचिव छत्तीसगढ़ प्रदेश कुराश एसोसिएशन ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जिला बास्केटबाल संघ अध्यक्ष, व्यायाम शिक्षक शरद पंसारी, निर्मल जांगड़े सिनियर खिलाड़ी प्रज्योत शर्मा, सिद्धांत जाधव, शीतल गेहानी, नेमीचंद साहू का सहयोग रहा।

## शिविर में 254 बच्चों का हुआ स्वास्थ्य परीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कसडोल

एकलव्य छात्र-छात्रावास सोनाखान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कसडोल की टीम ने तकरीबन 254 बच्चों का स्वास्थ्य परीक्षण किया। इसमें स्कूल हेल्थ एजुकेशन, साफ सफाई, सेल्फ हाइजीन, देखभाल, हाथ धोने के तरीके, मौसमी बीमारी से बचाव, बच्चों के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी गई। कैंप में छात्र 110, छात्रा 144 में मुख्य रूप से जनरल चेकअप, आंख की समस्या, खुजली, ब्लड ग्रुप, एचबी, एमपी सहित अन्य जांच की गई। इस दौरान डॉ. अनुशीखा झा, डॉ. चंद्रकांत कुर्रे, राजेश देवांगन, उद्धव पटेल, कल्याणी वर्मा, प्रमोद साहू, हीरा लाल कैवर्त्य, संतोष साहू सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।



## पं. दीनदयाल सादगी, शुचिता और सरलता के प्रतीक थे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भाटापारा

■ जयंती पर शिवरतन ने गिनाई पंडित उपाध्याय की उपलब्धि

देश को अंत्योदय व एकात्म मानव दर्शन देने वाले, जनसंघ के संस्थापक पं. दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर भाजपा नेता उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा व कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय में पं. उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उनकी सेवा भावना को याद किया। उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की।

भाजपा उपाध्यक्ष शिवरतन शर्मा ने कार्यकर्ताओं से कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने जगायी, आज भाजपा उसी के आलोक में श्रेष्ठ भारत के निर्माण में लगी है। पंडित जी के इन्हीं विचार पर पार्टी की सरकारे काम कर रही हैं।

शिवरतन शर्मा ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय ने अपने विचारों व कर्तव्य निष्ठा से भारतीय राजनीति में अद्वितीय आदर्श स्थापित किया। उन्होंने देश को एकात्म मानववाद जैसी प्रगतिशील विचारधारा देने का काम किया है। पंडित जी का संपूर्ण जीवन देश की संस्कृति और देश की अखंडता के लिए समर्पित रहा है। देश को अंत्योदय का मंत्र देते हुए उन्होंने पंक्ति में अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को पंक्ति में खड़े प्रथम व्यक्ति तक लाने की परिकल्पना की जिसके लिए उनका संपूर्ण जीवन समर्पित रहा।

शर्मा ने कहा कि पं. दीनदयाल उपाध्याय हमारे आदर्श हैं, वो बेहद साधारण जीवन जीने वाले नेता थे। उन्हीं के पदचिन्हों पर चलते हुए भाजपा के कार्यकर्ता तन-मन और समर्पण भाव से देश के विकास के लिए काम कर रहे हैं और आगे भी करते रहेंगे।

उक्त अवसर पर राकेस तिवारी, मानिन्दर गुम्बर, योगेश अंनत, अभिषेक दास,सतीश साहू, आयशा खान, अभिषेक मिश्रा, तिलक पटेल, युगल साहू सहित पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।



## पोस्टर विवाद के बाद न्याय यात्रा की कमान भावेश और पिन्टू को

# कांग्रेस ने न्याय यात्रा के एक दिन पहले बदला प्रभारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बलौदाबाजार

■ युवक कांग्रेस के अध्यक्ष ने जारी किया आदेश, पूर्व में प्रदेश युवक कांग्रेस के उपाध्यक्ष को बनाया था प्रभारी

भाजपा सरकार में लगातार हो रही हत्या, चाकूबाजी, आगजनी सहित तमाम मामलों पर कांग्रेस की न्याय यात्रा आगामी शुक्रवार को निकलने वाली है। दरअसल कांग्रेस की यह न्याय यात्रा तकरीबन 123.6 किलोमीटर की दूरी होगा, जो 2 अक्टूबर तक जारी रहेगी। पहला दिन गिरौदपुरी से अमोदी, छांछी होते हुये कसडोल तक 23.7 किलोमीटर की दूरी प्रदेश कांग्रेस के मुखिया दीपक बैज के नेतृत्व में निकलेगी। इसके बाद आगामी दिवस कसडोल से डोंगरीडीह, लवन, कुम्हारी, सलोनी से रोहांसी तक कुल 22.7 किलोमीटर की दूरी तय किया जायेगा। ऐसे ही 6 दिनों तक कुल 123.6 किलोमीटर की दूरी कांग्रेस तय करेगी, लेकिन यहां कांग्रेस की न्याय यात्रा पर एक दिन में ही प्रभारी बदलने की चर्चा जोरों पर है। आपको बता दें कि पूर्व में कांग्रेस ने युवक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष को कमान सौंपा था, लेकिन कसडोल नगर में लगे पोस्टर में मौजूदा विधायक की फ़ोटो नहीं होने पर यह मामला गरमाया और पूरे मामले की जानकारी पीसीसी तक पहुंची, जिसमें सूत्रों ने दावा किया कि पीसीसी चीफ के जानकारी के बाद उक्त बैनर लगाने वाले कर्ताधर्ताओं को पीसीसी चीफ ने फटकार लगायी। साथ ही हिदायत भी दी गई। इसके बाद अगले दिवस ही युवक कांग्रेस के संयुक्त पदाधिकारियों द्वारा जारी आदेश को बदलना पड़ा और नए प्रभारियों की नियुक्ति कर दी गई।




### यह था पूरा मामला

प्रदेश युवक कांग्रेस के छत्तीसगढ़ प्रभारी शेषनारायण ओझा, सह प्रभारी ज्ञानेश शुक्ला सहित अध्यक्ष आकाश शर्मा ने पूर्व में जारी आदेश जारी करते हुए कहा था कि भारतीय युवा कांग्रेस राष्ट्रीय प्रभारी कृष्णा अल्लावरू एवं राष्ट्रीय अध्यक्ष श्रीनीवास बीवी के आदेशानुसार छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा आयोजित होने वाली छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में युवक कांग्रेस प्रदेश उपाध्यक्ष मानस पाण्डेय को छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा में युवा कांग्रेस की ओर से छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा प्रभारी नियुक्त किया जाता है। साथ ही कहा कि आप प्रदेश कांग्रेस कमेटी के साथ सतत संपर्क बनाते हुए कार्यक्रम को सुचारू रूप से सफल बनाने में अपनी सार्थक भूमिका निभायेंगे। लेकिन एक दिन बाद ही युवक कांग्रेस के पदाधिकारियों ने अपने पत्र 22 सितम्बर के माध्यम से युवक कांग्रेस ने प्रभारी बदलते हुये छत्तीसगढ़ न्याय यात्रा की कमान कसडोल नगर के भावेश यादव और पलारी के पिन्टू वर्मा के हाथों सौंप दी गई। बहरहाल सूत्रों ने दावा किया कि यह पूरा मामला पोस्टर विवाद के बाद सामने आने की बात बलौदाबाजार नगर सहित कसडोल के गली कूंचों में कहां जा रहा है। फिलहाल सूत्रों ने दावा किया कि यहां युवक कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष को क्षेत्रीय विधायक का फ़ोटो नहीं लगाने पर संगठन की ओर से हटा दिया गया है।


पाठक सूचना

बलौदाबाजार-भाटापारा जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

8224035555, 8370049468

## खबर संक्षेप



### श्रीमद भागवत कथा और दिव्य दरबार 29 तक

**रायपुर।** राजधानी रायपुर के कृष्णसखा सोसाइटी में श्रीमद भागवत कथा और दिव्य दरबार का आयोजन 22 सितंबर से 29 सितंबर तक किया जा रहा है। इसमें आचार्य अनिकेत कृष्ण शास्त्री बृजबिहारी सरकार द्वारा श्रीमदभागवत कथा का रसपान श्रद्धालुओं को कराया जा रहा है। कथा का समय दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक रखा गया है। आचार्य अनिकेत कृष्ण शास्त्री ने मंगलवार को पत्रकारवार्ता में बताया कि गौतम परिवार द्वारा रोहणीपुरम स्थित कृष्णसखा सोसाइटी में यह आयोजन किया गया है। उन्होंने बताया कि श्रीमद भागवत कथा में समस्त शास्त्रों का सार है और जीवन का व्यवहार भी इसमें छिपा हुआ है। 18 महापुराणों में से एक श्रीमद भागवत महापुराण है।

### तपस्या से तप और बल के साथ होती है भगवान शिव की प्राप्ति : आचार्य पांडेय

**रायपुर।** पुरानी बस्ती स्थित महामाया मंदिर में आयोजित शिव महापुराण कथा के दौरान भक्त कथा सुनकर झूमते नजर आए। कथावाचक आचार्य युवराज पांडेय ने कहा कि दो परिवारों को एक साथ मिलाने, विवाह करके मंगलगान करने वाले ब्राह्मणों को यजमानों को रोकर नहीं, बल्कि खुश होकर दान-दक्षिणा देनी चाहिए। आज वस्तुस्थिति यह है कि बाजा-गाजा, डीजे, डांस और पटाखे पर भले लाखों रुपए खर्च कर देते हैं, लेकिन जब मंगलगान करने वाले ब्राह्मणों को दान-दक्षिणा का समय आता है तो कई ऐसे लोग भी होते हैं, जो आखिरी में हाथ जोड़ लेते हैं और ब्राह्मणों को तुच्छ समझ लेते हैं। उन्होंने आगे कथा में माता पार्वती जन्म और शिव विवाह का वर्णन करते हुए बताया कि मां पार्वती भगवान भोलेनाथ को पति के रूप में पाने के लिए एक हजार वर्ष तक फल-मूल खाकर तप करती रहीं। फिर इसके बाद सौ वर्ष तक केवल शाक खाकर तप किया।

### शहर में बढ़ रहे अपराध के विरोध में शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

**रायपुर।** शहर में बढ़ रहे अपराध और सूखा नशे के विरोध में मंगलवार को छत्तीसगढ़ शिवसेना शिंदे गुट के पदाधिकारियों ने कोतवाली थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपकर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस मौके पर शिवसेना नेता आशीष परिडा ने बताया कि बीते दिनों सूखे नशे के कारण शहर में 2 हत्याएं हो गईं और जगह-जगह लूटपाट, चाकूबाजी को बढ़ावा मिल रहा है, जिसके कारण शहर का माहौल खराब हो रहा है। उन्होंने बताया कि शहर में सूखे नशे का व्यापार कोतवाली थाना के अंतर्गत कालीबाड़ी में खूब फल-फूल रहा है। जिसे बंद कराने की मांग को लेकर शिवसेना रायपुर जिला इकाई के पदाधिकारियों ने सैकड़ों की संख्या में थाने के बाहर प्रदर्शन कर थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन देने वालों में प्रदेश प्रवक्ता संतोष शुक्ला, संजय सोनकर, नरेंद्र प्रजापति, गोविंदा साहू, देवराज साहू, आकाश सोनी, तरुण डाडेकर, भूपेंद्र साहू, किशन साहू एवं बड़ी संख्या में शिवसैनिक शामिल थे।

# नेताजी सुभाष स्टेडियम में अब क्रिकेट का रोमांच, वार्ड पार्षद अपनी टीम के साथ लगाएंगे चौके-छक्के

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम के 70 वार्ड में जनता के बीच जाकर उनकी मूलभूत समस्या से रूबरू होने वाले वार्ड पार्षद अब अपने मोहल्ले के खिलाड़ियों की टीम बनाकर खेल मैदान पर चौके-छक्के लगाने उतरेंगे। नेताजी सुभाष स्टेडियम में क्रिकेट का यह अदभुत रोमांच जल्द देखने को मिलेगा। नगर पालिका निगम वार्ड पार्षद टीम क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन नगर निगम का खेलकूद व युवा कल्याण विभाग करने जा रहा है। इसमें शहर के खेल प्रेमियों को क्रिकेट का आनंद उठाने का मौका मिलेगा। रायपुर नगर निगम के खेलकूद एवं युवा कल्याण विभाग की ओर से राजधानी के मोतीबाग चौक स्थित नेताजी सुभाष स्टेडियम खेल मैदान पर नगर पालिका निगम वार्ड पार्षद क्रिकेट मैच 2024 का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में शहर के 70 वार्ड के पार्षद अपने वार्ड की टीम के साथ खेल मैदान पर रनों की बौछार करने उतरेंगे। महापौर से लेकर सभापति और जोन अध्यक्ष से लेकर एमआईसी मेंबर अपने वार्ड की टीम के साथ विजेता बनने उत्साह के साथ खेल मैदान पर होंगे।

## नगर पालिका निगम वार्ड पार्षद टीम क्रिकेट प्रतियोगिता 2024 का आयोजन

- 70 वार्डों से पार्षदों के नेतृत्व में खेल मैदान पर उतरेगी वार्ड की टीम




### विजेता टीम को मिलेंगे आकर्षक पुरस्कार

नगर निगम के खेलकूद व युवा कल्याण विभाग के अध्यक्ष जितेंद्र अग्रवाल ने बताया कि नगर पालिका निगम वार्ड पार्षद क्रिकेट प्रतियोगिता 2024 में बेहतर प्रदर्शन करने वाली टीम को प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त होने पर आकर्षक पुरस्कार दिये जाएंगे। इसके साथ बेस्ट खिलाड़ी, बेस्ट रनर, बेस्ट बॉलर के साथ ही बेस्ट टीम के रूप में आकर्षक पुरस्कार दिया जायेगा। नवरात्रि के बाद यह प्रतियोगिता शुरू होगी। इसकी तारीख की घोषणा जल्द की जाएगी।

## जोन अध्यक्ष आकाशदीप शर्मा ने जताई नाराजगी

# नवरात्रि के पहले दिन सामान्य सभा, कांग्रेसी पार्षद ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक 3 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे गांधी सदन के सामान्य सभागार में आयोजित है। इसी सिलसिले में महापौर एजाज ढेबर ने मंगलवार को कांग्रेस पार्षद दल की बैठक ली। बैठक में शामिल जोन 10 के अध्यक्ष आकाशदीप शर्मा ने नवरात्रि पर्व के पहले ही दिन नगर निगम की सामान्य सभा बैठक बुलाने पर नाराजगी जताई। उन्होंने इसका जमकर विरोध करते हुए कहा कि 3 अक्टूबर से नवरात्रि शुरू हो रही है, इस दिन ज्यादातर पार्षद नवरात्रि के पूजा-पाठ में व्यस्त रहते हैं। ऐसे में नगर निगम की सामान्य सभा की बैठक बुलाना समझ से परे है। इस बैठक को पहले या बाद की तारीख में रखा जाना था। उनकी इस बात का समर्थन बैठक में शामिल अन्य पार्षदों ने भी किया। पूर्व नेता प्रतिपक्ष सूर्यकांत राठौर के बाद अब कांग्रेसी पार्षद भी नवरात्रि के पहले दिन नगर निगम की सामान्य सभा बुलाए जाने पर सवाल उठा रहे हैं। कांग्रेस पार्षद दल की बैठक में महापौर एजाज ढेबर के सामने लेफ्टिनेंट अरविंद दीक्षित वार्ड पार्षद आकाशदीप शर्मा ने इसका खुलकर विरोध किया। बैठक में शामिल अन्य पार्षदों ने भी महापौर से आग्रह किया कि चूंकि नवरात्रि पर्व के पहले दिन मां दुर्गा की पूजा अर्चना कर कई पार्षद उपवास रखते हैं, इसलिए सभापति से मिलकर सामान्य सभा की तारीख में बदलाव किया जाए। कांग्रेस पार्षद दल की बैठक को संबांधित करते हुए महापौर एजाज ढेबर ने सभी भारसाधक सदस्यों से सामान्य सभा में पूरी तैयारी के साथ आने के लिए कहा है। इसके साथ ही सामान्य सभा में अपनी बात रखने के लिए पार्षदों को प्रोत्साहित किया। सामान्य सभा के पूर्व होने वाले 1 घंटे के प्रश्नकाल में इस बार महापौर एजाज ढेबर और उनके परिषद के सदस्यों को अपने ही पार्टी के पार्षदों के प्रश्न का जवाब देना पड़ सकता है। सूत्रों के मुताबिक 3 से 4 कांग्रेसी पार्षद जनहित से जुड़े मुद्दों को लेकर सदन में सवाल उठा सकते हैं।

- प्रश्नकाल में कांग्रेसी पार्षद भी लगा रहे प्रश्न



### जोन अध्यक्ष आकाशदीप शर्मा ने लगाये प्रश्न

*प्रश्न 1- पिछली सामान्य सभा 22 फरवरी 2024 में विकास कार्यों से संबंधित प्रस्ताव एमआईसी और सामान्य सभा में पारित किया गया था, उनमें से कितने कार्यों को स्वीकृति शासन द्वारा मिली है और कितने कार्यों को स्वीकृति नहीं मिली ?*

*प्रश्न 2 - विधानसभा चुनाव 2023 के बाद किन-किन वार्डों में कितने विकास कार्यों की स्वीकृति शासन द्वारा प्रदान की गई है एवं अब तक कितने कार्य प्रारंभ हो चुके हैं।*

### अमितेश भारद्वाज, पार्षद कालीमाता वार्ड

*प्रश्न 1 प्रदेश में 1 जुलाई 2022 से पॉलिथीन पर प्रतिबंध है। नगर निगम द्वारा पॉलीथीन बनाने वाले कितने छोटे व बड़े उद्योगों पर कार्यवाही की गई है, उनका नाम बताएं और जुर्माना की राशि के बारे में जानकारी दें ?*

*प्रश्न 2 रायपुर नगर निगम के अंतर्गत निराश्रित पेंशन के हितग्राहियों को पिछले कई माह से उनके खाते में राशि नहीं आई। ऐसे में बहुत से हितग्राही ऐसे हैं जो बैंक और निगम के चक्कर काट रहे हैं, इनके लिए निगम द्वारा क्या व्यवस्था की गई है?*

*स्वस्थ व्यापारी स्वस्थ व्यापार थीम पर शिविर*

# कैट के स्वास्थ्य शिविर में निशुल्क स्वास्थ्य जांच

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के सीजी चैप्टर की ओर से राजधानी के केनाल रोड स्थित प्रदेश कार्यालय में स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। कैट और नारायणा एमएमआई हास्पिटल के संयुक्त तत्वावधान में लगाये गये इस शिविर में न्यूरो सर्जरी, कार्डियोलॉजी, आर्थोपेडिक के जानकार चिकित्सकों ने निःशुल्क स्वास्थ्य जांच की। स्वस्थ व्यापारी स्वस्थ व्यापार कंसेप्ट पर मंगलवार को कैट के छत्तीसगढ़ इकाई की ओर से व्यापारियों के लिए विशाल निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाया गया। प्रातः 11 से दोपहर 2 बजे तक शिविर में स्वास्थ्य जांच कराने बड़ी संख्या में व्यापारी और विभिन्न व्यापारिक संगठनों के प्रतिनिधि स्वस्फूर्त पहुंचे। शिविर में मुख्य रूप से ब्लड, शुगर, बीपी की जांच नेत्र रोग की जांच की गई। स्वास्थ्य शिविर कार्यक्रम का उद्घाटन संस्था के वरिष्ठ राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अमर पारवानी ने किया। इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोशी, कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, परमानन्द जैन सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे। शिविर में नारायणा एमएमआई हॉस्पिटल के डॉक्टर सुनील गौनीयल, वरिष्ठ सलाहकार कार्डियोलॉजी, डॉक्टर पंकज पटेल, डॉक्टर भारत भूषण, सलाहकार न्यूरोसर्जरी, डॉक्टर सोनल ब्यास, नेत्र रोग सलाहकारडॉक्टर जूली दोशी त्रिपाठी, पीबीटी, डीओ, ने निःशुल्क सेवाएं प्रदान की।

## गर्व से गौरव की ओर थीम पर चैंबर सदस्यता दिवस मनाया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के बांबे मार्केट स्थित प्रदेश कार्यालय में मंगलवार को दोपहर 3:00 बजे चैंबर अध्यक्ष अमर पारवानी के जन्मदिन के उपलक्ष्य में गर्व से गौरव की ओर थीम पर चैंबर सदस्यता दिवस मनाया गया। इसके साथ ही चैंबर इकाई सम्मान समारोह का आयोजन हुआ। कार्यक्रम में रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे । चैंबर के कार्यकारी अध्यक्ष विक्रम सिंहदेव, प्रदेश महामंत्री अजय भसीन ने बताया कि कार्यक्रम में चैंबर कार्यकर्ताओं द्वारा पुष्पवर्षा, मंत्रोच्चार एवं आतिशबाजी के साथ प्रदेश अध्यक्ष का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। इस मौके पर प्रदेशभर से आए व्यापारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।




प्रदेशभर से आये चैंबर इकाइयों को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया गया। साथ ही इकाइयों को उनके द्वारा बनाए गए सदस्यों के चेंबर प्रमाण पत्र एवं गौरव कार्ड दिए गए।

# श्रद्धालुओं के लिए निशुल्क डोंगरगढ़ दर्शन यात्रा 3 से, चार बसें प्रतिदिन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

दो साल बाद फिर से रायपुर शहर के श्रद्धालुओं को निशुल्क डोंगरगढ़ दर्शन यात्रा पर ले जाने की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। शारदीय नवरात्रि के पूरे नौ दिन तक प्रतिदिन चार बसों से श्रद्धालुओं को राजधानी से डोंगरगढ़ स्थित मां बम्लेश्वरी माता दर्शन करने ले जाया जाएगा। यह यात्रा शारदीय नवरात्रि की पहले दिन 3 अक्टूबर से शुरू होगी। यात्रियों को नाश्ता, भोजन की व्यवस्था समिति द्वारा निशुल्क की जाएगी। काली माता अन्नदान भंडारा समिति के अध्यक्ष दीपक भारद्वाज पोल्ले ने बताया कि चार बसें प्रतिदिन सुबह 9 बजे डोंगरगढ़ रवाना होंगी एवं दर्शन के बाद रात्रि 8 बजे उन्हीं बसों से यात्री वापस लौटेंगे।



### विभिन्न समितियों का करेंगे गठन

*कार्यक्रम प्रमुख श्रीचंद सुंदरानी ने आगे बताया, मां बम्लेश्वरी के आशीर्वाद से यह प्रयास मानवता की सेवा में तुच्छ अर्पण सिद्ध होगा, ऐसी हमारी आशा एवं विश्वास है। यह यात्रा जनसहयोग एवं जनभागीदारी से पिछले 8 वर्षों से अनवरत जारी है और जगत जननी मां दुर्गा की कृपा से भविष्य में हम ऐसे और जनकल्याणकारी कार्य कर सकने में सक्षम हो सकेंगे। उन्होंने बताया कि इस धार्मिक यात्रा को सफल बनाने जल्द ही विभिन्न समितियों का गठन किया जाएगा, जिनमें गुड्डू त्रिपाठी, सुनील जग्गी, संतोष शुक्ला, राजू तारवानी, गोल्डी बेदी, संदीप परिहार, शंकर गुप्ता, गुरमीत सिंह टोनी, राजू साहू, विजय सिंह, रोहित भारद्वाज, टीनू शर्मा, द्वारिका कुर्रे, गोलू यादव, प्रेम कुर्रे, राजेश गंगवानी, बबलू पाठक को शामिल किया जाएगा ।*

### यात्रा के लिए कराना होगा पंजीयन

*उन्होंने आगे बताया कि यह यात्रा पूरी तरह निशुल्क है और इसके लिए पूर्व पंजीयन अनिवार्य होगा। साथ ही वरिष्ठ नागरिकों को प्राथमिकता के आधार पर सीटें आवंटित की जाएंगी। चारों बसें क्रमशः एक-दूसरे के पीछे चलती हुई डोंगरगढ़ पहुंचेंगी। यात्रा के लिए पूर्व पंजीयन समिति के इंदिरा चौक, श्याम नगर स्थित कार्यालय से 28 से 30 सितंबर तक सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे एवं शाम 4 बजे से शाम 6 बजे तक श्रद्धालु अपने टिकट का पंजीयन करा सकेंगे। टिकट आरक्षण "पहले आओ, पहले पाओ" की तर्ज पर दिया जाएगा। 6 अक्टूबर को रविवार होने के कारण केवल सरकारी कर्मचारियों को ही इस यात्रा के लिए आरक्षण टिकट दिया जाएगा। श्रद्धालु टिकट आरक्षण के लिए इन मोबाइल नंबरों पर 97131–95111 एवं 97131–54111 पर भी संपर्क कर सकते हैं।*

# पीजी एनओसी के लिए 25 लाख की जमानत, नियम हटाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

एमबीबीएस के बाद एमडी-एमएस करने एनओसी के लिए 25 लाख की प्रापर्टी की जमानत वाले नियम को हटाने की मांग उठने लगी है। जूनियर डाक्टरों ने यूडीएफए प्रतिनिधियों के साथ स्वास्थ्य मंत्री से इस मामले में मुलाकात की है। उन्होंने नियमित चिकित्सकों को सवैतनिक अध्ययन अवकाश देने पर भी जोर दिया है। डाक्टरों ने स्वास्थ्य मंत्री के सामने तर्क दिया गया है कि इस नियम की वजह से मध्य वर्ग से ताल्लुक रखने वाले कई चिकित्सक अपनी पढ़ाई पूरी नहीं कर पाते, क्योंकि उनके पास जमानत रखने के लिए 25 लाख की प्रापर्टी नहीं होती। उन्होंने यह भी बताया कि पीजी के एमसीएच का कोर्स करने वालों को 50 लाख रुपए की संपत्ति के कागज जमानत के रूप में रखनी पड़ती है। निजी कालेज अथवा दूसरे राज्यों से पढ़ाई कर आने वाले छात्रों के लिए यह नियम लागू नहीं होता है। इसके अलावा उन्होंने मांग की है कि नियमित डाक्टरों को तीन वर्ष की पीजी पढ़ाई करने के लिए सवैतनिक अवकाश भी प्रदान किया जाना चाहिए।मेडिकल कालेजों से संबंधित अस्पताल में पीजी रेसीडेंट लगातार ड्यूटी करते हैं जिसकी वजह से उन्हें मानसिक रूप से परेशानी का सामना करना पड़ता है। पीजी डाक्टरों को 24 घंटे की ड्यूटी के बाद अवकाश प्रदान किया जाए। इस तरह की व्यवस्था रायपुर मेडिकल कालेज एक विभाग में प्रारंभ की गई है। इसे सभी विभागों के साथ राज्य तमाम शासकीय चिकित्सा महाविद्यालयों में लागू किए जाने की आवश्यकता है। स्वास्थ्य मंत्री से मुलाकात करने वालों में यूडीएफए के राज्य अध्यक्ष डा. हीरा सिंह एवं डा. गंर्धव पांडे शामिल थे।

- स्वास्थ्य मंत्री से मिले जूनियर डाक्टर, अध्ययन अवकाश पर जोर



### नई कार्यकारिणी गठित

यूनाइटेड डाक्टर फ्रंट एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष ने अपनी नई कार्यकारिणी का गठन भी किया है। इसमें डॉ. तितिर बिस्वास, डॉ. प्रशांत को उपाध्यक्ष, डा. योगेन्द्र जोगी., डा. आफरीन शम्स, डा. अनमोल पटेल, डा. सुमित गुप्ता सचिव बनाया है। जिला स्तर पर संयोजक के रूप में डॉ. वासुदेव सेन, डॉ. पीयूष श्रीवास्तव, डॉ. उत्कर्ष, डॉ. अर्जुन जायसवाल, डॉ. अनुज साहू, डॉ. राजेश्वर, डॉ. तरुण सिन्हा, डॉ. दैत्यानाशन पटेल, डॉ. प्रभाकर प्रधान को शामिल किया गया है।

# रविवि कार्यपरिषद का विस्तार पांच विधायक हुए शामिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पं.रविशंकर शुक्ल विवि द्वारा कार्यपरिषद का विस्तार किया गया है। इसमें पांच विधायकों को शामिल किया गया है। रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू, पुरंदर मिश्रा, गुरु खुशवंत साहेब, रोहित साहू और योगेश्वर राजू सिन्हा अब कार्यपरिषद के सदस्य होंगे। रविवि द्वारा जारी अधिसूचना में कहा गया है कि इनका कार्यकाल तीन वर्ष तक अथवा इनके विधान परिषद सदस्य रहते तक, इनमें से जो भी पहले होगा, तक रहेगा। छग उच्च विभाग के आदेश पत्र के आधार पर यह अधिसूचना जारी की गई है। कार्यपरिषद की बैठक में रविवि अध्ययनशाला, पाठ्यक्रम, डिग्री तथा इससे संबंधित कई अन्य मामलों पर महत्वपूर्ण निर्णय लिए जाते हैं। मनोनीत विधायक भी अब इनका हिस्सा होंगे।



### रिक्त थे पद

*रविवि कार्यपरिषद में विश्ववद्यालय के प्राध्यापकों और अकादमिक विभाग के अलावा विभिन्न क्षेत्रों के सदस्यों को शामिल किया जाता है। इसमें सामाजिक व्यक्तियों के साथ ही विधायकों को भी शामिल किया जाता है। बीते कुछ माह से ये पद रिक्त थे। रविवि कार्यपरिषद की बैठक भी उनकी अनुपस्थिति में हो रही थी। अब आदेश जारी कर रिक्त सीटों पर मनोनयन कर दिया गया है। आगामी कार्यपरिषद की बैठक में मनोनीत सदस्य शामिल होकर अपनी योजनाएं और मत साझा करेंगे।*

## दिशा कॉलेज में परम्परा-2024 का आयोजन

**रायपुर।** दिशा कॉलेज द्वारा शिक्षक दिवस एवं नए छात्रों के स्वागत अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम दोपहर 12 बजे से होगा, जो जोरा स्थित प्रतिष्ठा द बैंक्वेट में आयोजित किया गया है। प्राचार्य डॉ. एके तिवारी ने बताया, कार्यक्रम 'परम्परा-2024' का भव्य रूप से आयोजन किया गया। महाविद्यालय के विभिन्न विभाग के प्रोफेसर को सम्मानित किया जाएगा। साथ ही नव प्रवेशित छात्रों के लिए सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया है।

*नई कार्यकारिणी का गठन, इस वर्ष 2 लाख सदस्यता का लक्ष्य*

# कॉलेज में घट रहे विद्यार्थी, एबीवीपी चलाएगी परिसर चलो अभियान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद पूरे प्रदेश में परिसर चलो अभियान चलाएगा। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद छत्तीसगढ़ की दो दिवसीय प्रदेश कार्यकारिणी बैठक अभनपुर में हुई। इस बैठक में प्रदेशभर के कार्यकारिणी के 150 से अधिक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। प्रदेश की वर्तमान शिक्षा की स्थिति का आकलन करते हुए अभाविप ने छत्तीसगढ़ में शिक्षा की गुणवत्ता के विषय पर प्रस्ताव भी पारित किया है। इस बैठक में ही अभियान सहित अन्य महत्वपूर्ण फैसले लिए गए। साथ ही इस वर्ष अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने 2 लाख से अधिक सदस्यता करने के लिए योजना भी बनाई है। इसके अलावा प्रदेशभर की खेल की प्रतिभाओं को निखारने के लिए पूरे प्रदेश के विद्यालय व महाविद्यालय परिसरों में खेल कुंभ नाम से प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा, जिसमें परंपरागत खेल के अलावा विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताएं शामिल रहेंगी। सेवा सप्ताह, विकास चेतना सप्ताह जैसे अभियान के माध्यम से छात्रों के मध्य सेवा और पर्यावरण विकास के संबंधित विषयों को लेकर भी आयोजन किए जाएंगे।




### प्रथम महानगर मंत्री

अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद रायपुर महानगर की नई कार्यकारणी भी गठित की गई है। प्रो.अनुज शुक्ला को सर्वसम्मति से सत्र 2024-25 के लिए रायपुर महानगर का अध्यक्ष और प्रथम राव फुटाने को महानगर मंत्री के रूप में पुनः निर्वाचित किया गया है। कार्यकाल एक वर्ष का होगा। हर्षित कौर, रामजी शिवहरे, अन्वित दीक्षित और सुजल गुप्ता को सहमंत्री बनाया गया है।

### राजनांदगांव में होगा प्रदेश अधिवेशन

*इस वर्ष का प्रदेश अधिवेशन 27 से 29 दिसंबर तक राजनांदगांव में आयोजित किया जाएगा। सामाजिक समरसता दिवस, जनजाति गौरव दिवस, स्त्री शक्ति दिवस, गुरु घासीदास जयंती, शहीद वीर नारायण जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की रूपरेखा भी बैठक में बनाई गई है। अभाविप के प्रदेश मंत्री यज्ञदत्त वर्मा ने कहा, प्रदेश कार्यकारिणी बैठक में बनाई गई योजना से संगठन विकास व संगठन कार्य में व्यापक बढ़ोत्तरी भविष्य में देखने को मिलेगी। छात्र प्रोत्साहन यात्रा का आयोजन भी एबीवीपी द्वारा किया जाएगा।*

# पर्यटन नीति 2020 को अब विभाग देगा नया रूप, होम स्टे गाइड लाइंस को एक फ्रेमवर्क में लाने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पर्यटन विभाग में मंगलवार को छत्तीसगढ़ राज्य के होटल एसोसिएशन के सदस्य, ट्रैवल एंड ट्रेड एसोसिएशन और होम स्टे ओनर समेत पर्यटन व्यवसाय से जुड़े प्रतिनिधियों की बैठक आयोजित की गई। इस दौरान पर्यटन नीति पर चर्चा हुई। विभाग की सचिव रुचि शर्मा ने कहा कि एथनिक और ईको टूरिज्म से जुड़े लोगों का एक ही मंच पर आना पर्यटन के विकास के लिए शुभ संकेत है। 2020 की पर्यटन नीति को रिवाइज और रिव्यू किया जाएगा, ताकि इसे नया रूप दिया जा सके। होम स्टे गाइडलाइंस को एक फ्रेमवर्क के अंतर्गत लाने का प्रयास किया जा रहा है। सरकार का फोकस टूरिज्म प्रमोशन के लिए 2047 के विजन प्लान पर है, जिसमें छत्तीसगढ़ पर्यटन बोर्ड ने भी अपने सुझाव दिए हैं।



### होम स्टे संचालकों को विशेष ट्रेनिंग की मांग

प्रबंध संचालक ने कहा कि फिल्म पॉलिसी को बढ़ावा देने और पॉलिसी से संबंधित सभी जानकारी देने के लिए एक बुकलेट तैयार की जा रही है जिसे सभी स्टेकहोल्डर्स को वितरित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की संस्कृति और लोकल इकोनॉमी को प्रमोट करने के लिए स्थानीय पर्यटन का भी महत्वपूर्ण योगदान है। बैठक में रजनीश बस्तर ने सुझाव दिया कि कांगेर वैली नेशनल पार्क में होम स्टे संचालकों के लिए विशेष ट्रेनिंग और सुविधाएं प्रदान की जाएं। बस्तर से जीत आर्या ने कहा कि छत्तीसगढ़ के सांस्कृतिक और धार्मिक पर्यटन को ब्रांडिंग में शामिल किया जाए और सोलो ट्रैवलर तथा महिला ट्रैवलर को ध्यान में रखकर पॉलिसी तैयार कर सुविधाएं प्रदान की जाएं।

### कलेक्ट किया जाएगा पर्यटकों का डेटा

टूरिज्म बोर्ड के प्रबंध संचालक विवेक आचार्य ने कहा कि छत्तीसगढ़ टूरिज्म बोर्ड का मुख्य उद्देश्य पर्यटकों और स्टेकहोल्डर को पर्यटन सुविधाएं प्रदान करना है। भारत सरकार के डेटा कलेक्शन एप के निर्धारित प्रारूप के आधार पर अब पर्यटन से जुड़ा डेटा कलेक्ट किया जाएगा, जो पर्यटकों का आकड़ा एकत्र करने में कारगर साबित होगा। बैठक में सूचना नेटवर्क को मजबूत बनाने और इंटरनेशनल टूरिस्ट इवेंट्स में स्टेकहोल्डर्स की भागीदारी को सुनिश्चित करने के लिए योजना बनाने पर भी चर्चा की गई।श्री आचार्य ने बताया कि एक इंटरेक्टिव पोर्टल की आवश्यकता है, जिसमें सभी स्टेकहोल्डर्स की जानकारी शामिल हो।

## खबर संक्षेप

### 78 स्कूल पीएम श्री योजना में शामिल, सीएम ने जताया मोदी का आभार

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने छत्तीसगढ़ के 78 और स्कूलों को मॉडल स्कूल के रूप में विकसित करने के लिए पीएम श्री योजना में शामिल करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में 263 पीएमश्री स्कूल स्वीकृत किए गए थे, नई स्वीकृति मिलने से यह संख्या बढ़कर अब 341 हो गई है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा है कि पीएम श्री योजना के माध्यम शैक्षणिक अधोसंरचना एवं शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने का प्रयास निश्चित रूप से विकसित भारत के निर्माण में अहम भूमिका निभाएगा। शिक्षा क्षेत्र में ऊंचाई पर पहुंचेगा छत्तीसगढ़ मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि पीएम श्री योजना में शामिल इन स्कूलों में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के अंतर्गत उत्कृष्ट विज्ञान प्रयोगशालाएं, पुस्तकालय, व्यावसायिक लैब्स की व्यवस्था होगी, जो छत्तीसगढ़ को शिक्षा के क्षेत्र में नई ऊंचाइयों पर ले जाएगी।

## पेज 9 के शेष...

### निर्माण कार्यों में...

की स्थित को गंभीरता से लेते हुए गड्ढों की पुनः भराई कराने के निर्देश ठेकेदारों को दिए। उन्होंने कहा कि पाइप लाइन बिछाने के लिए यथासंभव सड़कों की खुदाई से बचाया जाए। इसके साथ ही जिन पंचायतों में जल जीवन मिशन का कार्य किया जा रहा है, वहां पर शत प्रतिशत ग्राम पंचायत, छात्रवास, स्कूल, हास्पिटल, आंगनबाड़ी केन्द्रों में शत-प्रतिशत रनिंग वाटर सप्लाई पूर्ण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। साथ ही विभागीय अधिकारियों को अपने–अपने जांच कर रनिंग वाटर उपलब्धता संबंधित प्रतिवेदन प्रस्तुत करने कहा गया है। इसके साथ ही कलेक्टर ने विभाग द्वारा किए जा रहे पानी टंकी निर्माण एवं हर घर जल योजना में हो रहे कार्य की प्रशंसा की है।

### कर्मचारी फेडरेशन का...

से गार्डन चौक, जनपद तिराहा होकर कलेक्टर ऑफिस तक निकलेगी एवं कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा जायेगा। आंदोलन में देय तिथि से लंबित केन्द्र के समान मंहगाई भत्ता एवं 2019 का एरियर्स सहित, चार स्तरीय क्रमोन्नत वेतनमान, केन्द्र के समान गृह भाड़ा भत्ता, 240 दिन के स्थान पर 300 दिन अर्जित अवकाश नगदीकरण की मांग शामिल हैं।

### घटना की निंदा, थाने में मौत पर समाज ने जताया आक्रोश

# प्रशांत के हत्यारों पर हो सख्त कार्रवाई, साहू समाज ने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| हिरमी-रावन



कवर्धा के लोहारीडीह में हुई घटना को लेकर तहसील साहू संघ सुहेला एवं परिक्षेत्र पदाधिकारियों ने सुहेला तहसीलदार को राज्यपाल एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपकर प्रशांत साहू के हत्यारों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

- तहसील साहू संघ ने घटना में शामिल पुलिस कर्मचारियों को बर्खास्त करने राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन

तहसील साहू संघ ने कहा उक्त घटना में पुलिस ने थाने में बंद कर स्व. प्रशांत साहू और उनके माता–बहनों को डंडे से पीटने जैसे कायरता पूर्ण अमानवीय घटना से साहू समाज आक्रोशित एवं आहत है। तहसील अध्यक्ष सरोज कुमार साहू ने अवगत कराया कि साहू समाज के तीन व्यक्तियों के जान जा चुकी है। इस पर न्यायिक जांच बैठाने की मांग एवं पीड़ित परिवार को एक करोड़ मुवावजा के साथ परिवार के एक सदस्य को शासकीय नौकरी, थाने में बंद घायल बेगुनाहों को छोड़कर उचित इलाज करने की मांग की। साथ ही घटना पुलिस कस्टडी में घटित हुई है तो थाने के सभी पुलिसकर्मी को बर्खास्त कर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज करने की मांग की। तहसील साहू समाज ने कहा कि इस मांगों को शासन–प्रशसान समय पर नहीं करता है तो प्रदेश साहू संघ द्वारा जो भी निर्णय लिया जाता है तो तहसील साहू संघ सुहेला उनके साथ खड़े रहेगा। इस मौके पर सरोज कुमार साहू अध्यक्ष तहसील साहू संघ सुहेला, परेटन साहू कार्यकारी अध्यक्ष तहसील साहू संघ सुहेला, इंद्रजीत साहू उपाध्यक्ष तहसील साहू संघ सुहेला, नारायण साहू उपाध्यक्ष, बुधयारिन बाई साहू उपाध्यक्ष, युगेश साहू युवा अध्यक्ष, नरेश साहू सचिव तहसील साहू, पुनऊ राम साहू कोषाध्यक्ष, बंशी साहू न्याय प्रकोष्ठ, गंगा प्रसाद साहू सदस्य सुहेला, हिरावन अध्यक्ष परिक्षेत्र हिरमी, उत्तम साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र मटिया, नारायण साहू अध्यक्ष परिक्षेत्र खल्लारी सुहेला, रेवा राम साहू संरक्षक परिक्षेत्र खल्लारी सुहेला, रामकुमार साहू उपाध्यक्ष परिक्षेत्र खल्लारी सुहेला, कुंवर सिंह साहू उपाध्यक्ष परिक्षेत्र मटिया एवं बड़ी संख्या में साहू समाज के पदाधिकारी एवं सदस्य शामिल हुए।

# जर्जर सड़क में फंसे वाहन, परीक्षा देने देर से स्कूल पहुंचे छात्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भाटापारा

सुरकी मोपका मार्ग स्थित धुर्राबांधा प्रवेश मार्ग की सड़क अत्यंत जर्जर होने से बुधवार की सुबह दर्जनों भारी वाहनों का जाम लग गया। वहीं इसी जाम में स्कूली बसें भी फंस गई। स्कूली छात्रों ने बताया कि आज टेस्ट परीक्षी है, इस जाम में फंसने के कारण हम लेट हो गये हैं। गौरतलब है कि यह मार्ग समय लम्बे समय बना हुआ है, जिसके कारण हजारों की संख्या में आवागमन करने वालों राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। उक्त गम्भीर समस्या को लेकर कलेक्टर को भी अवगत कराया गया है, परंतु प्रशासन उक्त जर्जर सड़क मार्ग की मरम्मत के लिए स्थायी समाधान नहीं निकाल रहा है, जिसका दंश आम राहगीरों को झेलना पड़ रहा है।

## भजन कीर्तन के साथ शिक्षक को दी विदाई



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भवानीपुर

ग्राम पंचायत भवानीपुर के प्राथमिक शाला में शिक्षक सेवानिवृत्त अध्यापक टंकार प्रसाद शर्मा को संकुल केन्द्र शाला परिवार एवं ग्रामीण की ओर से विदाई दी गई। विदाई समारोह के मुख्य अतिथि टंकार प्रसाद शर्मा हाई स्कूल प्राचार्य शिवकुमार साहू, विष्णु फेकर रहे। समारोह में विष्णु फेकर ने अपने आप को नहीं रोक पाए और भावुक हो गए। सभी लोगों को जिज्ञासा है कि और कुछ दिनों तक हम लोगों की सेवा में बने रहते, लेकिन सरकार के नियमानुसार सभी को इसका पालन करना है। इसी नियम के अनुसार शर्माजी की आज सेवानिवृत हो रही हैं। उन्होंने कहा कि जो शिक्षक का कर्तव्य होना चाहिए वह सभी गुण इनमें मौजूद था। इसी का फल स्वरुप है कि इस विदाई समारोह में बड़ी संख्या में छात्र–छात्राएं शिक्षक अभिभावक उपस्थित हुए हैं। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत होने का दुख तो मुझे भी हो रहा है, कई बार विद्यालय के सुधार के कार्य करने में मार्गदर्शन देने का भी काम किया है। इस अवसर पर धनेश्वर साहू, पप्पू, पवन साहू, गिरधारी साहू, उर्मिला साहू, पुष्पा सेन, देवकी साहू, शकुन साहू, सुमन ध्रुव, सहित ग्रामीण एवं छात्र–छात्राएं बड़ी संख्या में उपस्थित थे।



## कवि पोखन लाल की रचनाएं प्रकाशित

**पलारी।** अंचल के प्राख्यात कवि साहित्यकार पोखन लाल जायसवाल की समीक्षात्मक कृति विमर्श के कसौटी म समकालीन छत्तीसगढ़ी साहित्य और काव्य संग्रह उसके हिस्से का दो किताबें क्रमशः वैभव प्रकाशन रायपुर एवं न्यू वर्ल्ड पब्लिकेशन नई दिल्ली से प्रकाशित हो कर आ गई है। पोखन लाल जायसवाल ने बताया कि उसके हिस्से का काव्य संग्रह अमेजन पर उपलब्ध है, जबकि दूसरी किताब भी शीघ्र ही अमेजन पर उपलब्ध हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि शिक्षक पोखन लाल जायसवाल की रचनाएं पत्र–पत्रिकाओं में लगातार प्रकाशित होती रहती हैं। आकाशवाणी रायपुर से कविता पाठ का प्रसारण हो चुका है। नगर के लिए गौरव का विषय है। समन्वय साहित्य परिवार पलारी के अध्यक्ष डॉ. रामकुमार साहू, मयारू सहित सभी सदस्यों एवं नगर के साहित्य प्रेमियों ने दो-दो संग्रह के प्रकाशन पर उन्हें बधाई दी।

## असामाजिक तत्व रेल पटरी को पहुंचा रहे नुकसान

**बलौदाबाजार।** मोदी सरकार को अस्थिर करने तथा रेल की किसी बड़ी घटना को अंजाम देने के लिये असामाजिक तत्वों द्वारा बड़ी साजिश रची जा रही है। जैसे कि रेल पटरी पर पत्थर, रॉड, सीमेंट कांक्रीट एवं पटरी से छेड़छाड़ की अनेक घटनाएं सोशल मीडिया, न्यूज और समाचार पत्रों के माध्यम से लगातार देखने और सुनने को मिल रही है। असामाजिक तत्वों के इस कृत्य से कभी भी बड़ी घटना घटित हो सकती है। उक्त संबंध में विधायक एवं राजस्व मंत्री टंकराम वर्मा के माध्यम से अश्विनी वैष्णव, केन्द्रीय रेल मंत्री, भारत सरकार नई दिल्ली को शीघ्र ठोस कार्यवाही करते हुए पटरी पर ड्रोन, सी–सी–टीव्ही कैमरा, अथवा रेल्वे पटरी की सुरक्षा हेतु संविदा पर रेलवे मित्र भर्ती या अन्य किसी भी माध्यम से रेलवे सुरक्षा के लिये आवश्यक कार्यवाही के लिए ज्ञापन गायत्री परिवार बलौदाबाजार के संयोजक कौशल प्रसाद साहू के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा सौंपा गया। साथ ही दोषियों के खिलाफ ठोस दंडात्मक कार्रवाई की मांग की गई।

- कार्रवाई के लिए गायत्री परिवार ने रेल मंत्री के नाम विधायक टंकराम को सौंपा ज्ञापन

### अनुकंपा नियुक्ति के लिए एसएसपी से की भेंट

**रायपुर।** दिवंगत पंचायत शिक्षक अनुकंपा कल्याण संघ की प्रांताध्यक्ष माधुरी मृगे के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारी माधुरी चंद्रा, अरुंधती शर्मा, प्रमोद चौबे, ज्योति व अन्य सदस्यों ने रायपुर एसएसपी संतोष सिंह, एडीएम देवेंद्र पटेल से मुलाकात की।

### आरोग्य सलडीह में मनाया गया वयोवृद्ध दिवस

**बसना।** शासन के निर्देशानुसार एवम मुख्य चिकित्सा अधिकारी महासमुंद एवम खंड चिकित्सा अधिकारी पिथौरा के मार्गदर्शन में राष्ट्रीय वयोवृद्ध स्वास्थ्य देखभाल कार्यक्रम के अंतर्गत वयोवृद्ध दिवस आयुष्मान आरोग मंदिर पवित्रा पीएचसी सलडीह में मनाया गया। जिसमें समस्त वृद्धजन को गुलाल लगाकर एवम श्रीफल से सम्मान किया गया। साथ ही सभी का वयोवृद्ध स्वास्थ्य कार्ड बनाया गया। शिविर में डॉ प्रगति गुप्ता चिकित्सा अधिकारी सलडीह द्वारा सभी वयोवृद्ध को नियमित व्यायाम, अच्छी खान पान, बीपी, शुगर के मरीज को रेगुलर चेकअप एवम संतुलित आहार एवं नशामुक्ति के बारे में बताया गया। सभी वयोवृद्ध का नेत्र जांच बीपी, सुगर और अन्य जांच किया गया एवम निशुल्क दवाई वितरण किया। वयोवृद्ध स्वास्थ्य शिविर में मुख्य रूप से डॉ प्रगति गुप्ता चिकित्सा अधिकारी सलडीह, मनीष कुमार भारद्वाज ग्रामीण चिकित्सा सहायक (प्रभारी आयुष्मान आरोग्य मंदिर पीएचसी सलडीह) फार्मासिस्ट, नेत्र सहायक अधिकारी, स्टाफ नर्स, एएनएम एवं अन्य स्टाफ का सहयोग रहा।

## राजनीति विज्ञान परिषद के अध्यक्ष बने अखिलेश



हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल

स्व. दौलतराम शर्मा शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय कसडोल में राजनीति विज्ञान विभाग द्वारा राजनीति विज्ञान परिषद का गठन किया गया। इसमें सर्व सम्मति से अध्यक्ष-अखिलेश पैकरा तृतीय सेमेस्टर, उपाध्यक्ष-सूरज टण्डन तृतीय सेमेस्टर, सचिव-रामप्रसाद सोनी प्रथम सेमेस्टर, सहसचिव- देवकी साहू प्रथम सेमेस्टर को मनोनीत किया गया है। इस अवसर पर प्राचार्य विभागाध्यक्ष डॉ. खुर्शीद खान, अतिथि सहायक प्राध्यापक-संतोष कुमार राय, रितेश जायसवाल, राजनीति विज्ञान प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के समस्त छात्र, छात्राएं उपस्थित थीं।

## प्रधानपाठक नीलमणि बने विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक



**कसडोल।** पूर्व माध्यमिक विद्यालय पटियापाली के प्रधान पाठक नीलमणि साहू ने कसडोल विकासखंड स्त्रोत केंद्र समन्वयक पद पर कार्यभार ग्रहण किया। इसके लिए विकासखंड शिक्षा अधिकारी रमाकांत देवांगन, संकुल स्त्रोत समन्वयक संघ के अध्यक्ष कमल नारायण जायसवाल, सेवानिवृत्त प्रधान पाठक फिरतू राम साहू, लेखापाल आरडी पटेल, गोरे लाल साहू, खगेंद्र जायसवाल, सविता सहित बड़ी संख्या में शिक्षकों एवं मित्रजनों ने बधाई दी। इस अवसर पर श्री साहू ने अपने अधीनस्थ कर्मचारियों को मिलकर कार्य करने की अपील की।

## एनसीसी कैडेट्स ने वेस्ट मेटेरियल से बनाई रचनात्मक सामग्री

**बलौदाबाजार।** शासकीय डीके कॉलेज बलौदाबाजार में 25 सितंबर को एनसीसी कैडेट्स द्वारा वेस्ट मैटेरियल से नई उपयोगी चीजे बनाने का कार्यक्रम आयोजित किया गया। महाविद्यालय के इच्छुक कैडेट्स ने इस आयोजन में हिस्सा लिया। इस आयोजन में 26 कैडेट्स ने भाग लिया। सभी ने वेस्ट मैटेरियल से नई व उपयोगी रचनात्मक चीजों का निमार्ण कर अपनी अपनी प्रतिभा दिखाई। आज के समय में अपशिष्ट प्रबंधन बहुत ही जरूरी है, जनसंख्या में वृद्धि के कारण कचरे की उत्पत्ति दिन–प्रतिदिन दो गुना होते जा रही है इसके अलावा कचरे में वृद्धि कई लोगों के जीवन को प्रभावित कर रही है। हम अगर प्लास्टिक बैग के जगह कपड़े का बैग इस्तेमाल कर पर्यावरण प्रदूषण को कम करने में अपना महत्व पूर्ण योगदान दे सकते हैं। एनसीसी कैडेट्स ने वेस्ट मैटेरियल से अनेक रचनात्मक व सुंदर तरीके से नए चीजें बने जैसे– कागज से आदिवासी गुड़िया और साइकिल, पुराने चूड़ी से घर सजाने का सामान, चावल और धान से गमला, झूमर , बसुरी, नारियल रस्सी से ऊट, प्लास्टिक बोतल से राजस्थानी बिंद बिंदनी और हेलीकॉप्टर आदि शामिल हैं।



## पॉलीटेक्निक कालेज में राष्ट्रीय सेवा योजना स्थापना दिवस समारोह

**महासमुंद।** राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के स्थापना दिवस पर पॉलीटेक्निक महासमुंद में 24 सितंबर को प्राचार्य चंद्रिका विश्वकर्मा के मार्गदर्शन में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस आयोजन में संस्था के प्राचार्य ने स्वच्छता के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया। उन्होंने स्वच्छता को समाज की बुनियादी जरूरत बताते हुए छात्रों और उपस्थित लोगों से स्वच्छता बनाए रखने का आह्वान किया। इस अवसर पर विभिन्न प्रकार के सांस्कृतिक और रचनात्मक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इनमें नुक्कड़ नाटक, गीत, नृत्य, पोस्टर मेकिंग और निबंध लेखन प्रतियोगिताएं हुई। कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी सालिक राम ढीमर ने सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया और संस्था के सभी अधिकारी एवं छात्रों को स्वच्छता के प्रति समर्पित रहने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर सिविल विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. शोभा मालीवाल, संस्था के सभी अधिकारी, कर्मचारी और छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी ने मिलकर समाज में स्वच्छता का संदेश फैलाने का संकल्प लिया।

कार्यालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) गिरौद, जिलाबलौदाबाजार-भाटापारा (छत्तीसगढ़)

**ईश्तहार**

रा. प्र. क्र./ अ-2 वर्ष.....
दिनांक 19.09.2024

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक शिव कुमार पिता बोधराम जाति कुर्मी साकिन गिधौरी, तहसील टुण्डरा कास्तकार ग्राम गिधौरी, पटवारी हल्का क्रमांक 02, राजस्व निरीक्षक मण्डल गिधौरी, तहसील टुण्डरा जिला बलौदाबाजार-भाटापारा (छ.ग.) द्वारा अपने भूमि स्वामी हक की भूमि ग्राम गिधौरी में स्थित जिसका भूमि खसरा नम्बर 373/1 रकबा 0.105 हेक्ट. भूमि को आवासीय प्रयोजन हेतु भूमि परिवर्तन कराने आवेदन पत्र पेश किया है जिसके संबंध में प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः उक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था को किसी भी प्रकार से कोई दावा आपत्ति पेश करना हो तो वह स्वयं या अपने अभिभाषक के माध्यम से नियत पेशी तिथि 30.9.2024 तक अपना दावा आपत्ति पेश कर सकते है। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा / आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19.09.2024 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की सील मुहर सहित जारी किया गया है ।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
गिरौद

# नौकरी लगाने के नाम पर 4 लाख की ठगी, दो आरोपी हिरासत में

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कसडोल



हास्टल अधीक्ष के पद पर नौकरी लगाने का झांसा देकर 4 लाख रुपए की ठगी करने के आरोप में पुलिस ने वार्ड नं. 13 कांटीपारा कसडोल निवासी अश्विनी को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। वहीं आरोपी का दूसरा साथी 51 वर्षीय रामलखन 51 साल निवासी ग्राम कोट (कटगी) थाना कसडोल ठगी के एक अन्य मामले में पूर्व से जेल में बंद है। पुलिस से मिली जानकार के अनुसार बुधवार को प्रार्थी कृषि विभाग से सेवानिवृत कर्मचारी द्वारा थाना कसडोल में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि वर्ष 2018 से आरोपियों द्वारा मेरे पुत्र को हास्टल अधीक्षक के पद पर नौकरी लगाने का झांसा देते हुए अलग-अलग किस्तों में कुल 4 लाख की रकम लेकर ठगी की है। रिपोर्ट पर पुलिस ने धारा 420, 34 भादवि पंजीबध्द कर विवेचना में लिया। प्रकरण में त्वरित कार्रवाई करते हुए थाना कसडोल की पुलिस टीम ने आरोपी रामलखन एवं अश्विनी को हिरासत में लिया, जिसमें से आरोपी अश्वनी शासकीय प्राथमिक शाला कांटीपारा कसडोल में पदस्थ शासकीय शिक्षक है। आरोपी से पूछताछ करने पर उसके द्वारा अपने दूसरे साथी रामलखन के साथ मिलकर प्रार्थी के पुत्र को हॉस्टल अधीक्षक के पद पर में नौकरी लगाने का झांसा देते हुए उससे 4 लाख की रकम लेकर ठगी करना स्वीकार किया। प्रकरण में आरोपी अश्विनी को गिरफ्तार कर न्यायालय के समझ पेश करने के बाद जेल भेजा गया।

### पदाधिकारी बनाने के लिए कांग्रेस को कार्यकर्ता तक नहीं मिल रहे : अनुराग

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश मीडिया सह प्रभारी अनुराग अग्रवाल ने कहा, कांग्रेस आज राजनीतिक तौर पर इतनी कंगाल नजर आ रही है कि पदाधिकारी बनाने के लिए उसे कार्यकर्ता तक नहीं मिल रहे हैं।

Health Town

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग

डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित

अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### विद्यार्थियों ने चलाया स्वच्छता अभियान

**महासमुंद**। ग्राम खरोरा के ज्ञान गंगा विद्यालय में भाजपा के पितृ पुरुष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती पर स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस मौके पर त्रिवेणी चन्द्राकर ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारत में एक महान विचारक और एक राजनेता हुआ करते थे और भारतीय जनसंघ पार्टी को बनाने में इनका अहम योगदान रहा है।

### वारिसानों को सोलेशियम फंड से राशि स्वीकृत

**महासमुंद**। कलेक्टर एवं परिनिर्धारण आयुक्त विनय कुमार लंगेह ने सड़क दुर्घटना में अज्ञात वाहन की ठोकर से मोटर दुर्घटना के लिए मोटरयान अधिनियम के टक्कर मारकर भागने संबंधी उपबंधों के अधीन सड़क दुर्घटना में गम्भीर रूप से चोट लगने से मृत्यु एवं घायल होने पर सोलेशियम फण्ड से प्रतिकर के रूप में निकटतम वारिसान के लिए राशि स्वीकृत की गई है। इनमें महासमुंद विकासखण्ड के ग्राम झलप निवासी बासंती महांती की मृत्यु होने पर उनके पुत्र घनश्याम महांती के लिए 25 हजार रुपए एवं ग्राम पाटनदादर निवासी फिरतूराम के गम्भीर रूप से घायल होने पर उनके पुत्र कांशीराम साहू के लिए 10 हजार रूपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत की गई है।

### जिले में अब तक 921.2 मिलीमीटर औसत वर्षा

**महासमुंद**। जिले में चालू मानसून के दौरान 01 जून 2024 से अब तक 921.2 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख से मिली जानकारी के अनुसार जिले में सर्वाधिक औसत वर्षा पिथौरा तहसील में 1260.8 मिलीमीटर, बसना में 1019.8 मिलीमीटर, बागबाहरा में 897.0 मिलीमीटर, महासमुंद में 835.3 मिलीमीटर, कोमाखान में 769.4 मिलीमीटर और सबसे कम वर्षा 745.3 मिलीमीटर सरायपाली तहसील में दर्ज की गई। आज 25 सितम्बर को 18.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। जिले के तहसीलवार वर्षा में कोमाखान तहसील में 33.9 मिलीमीटर, बागबाहरा में 26.7 मिलीमीटर, बसना में 17.1 मिलीमीटर, सरायपाली में 12.6 मिलीमीटर, पिथौरा में 12.5 मिलीमीटर एवं महासमुंद तहसील में 11.0 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई।

### गठिया रोग की जांच आज

महासमुंद। स्थानीय मुख्य मार्ग स्थित महासमुन्द मेडिकल स्टोर्स में 26 सितंबर गुरुवार को समय सुबह 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक गठिया रोग के लक्षण हाथ पांव की ऊंगलियां तिरछी होना, त्वचा एवं चेहरे पर लाल चट्टे आना, जोड़ों में दर्द, सूजना, अकड़ना, बार-बार मुंह में छाले होना, बार-बार बुखार आना, घांव का न भरना, आंखों एवं त्वचा का बार-बार सूखना, हाथ पांव की ऊंगलियां नीली, सफेद या काली पड़ना। जिसमें डॉ. बीबी कुमार (एमडी, मेडिसीन) एफआईपी एम, (जॉन हाफकिन्स, अमेरिका) फेलोशीप इन रुमेटोलाजिस्ट उपलब्ध रहेंगे।

### श्रीमद भागवत कथा और दिव्य दरबार 29 तक

**रायपुर**। राजधानी रायपुर के कृष्णसखा सोसाइटी में श्रीमद भागवत कथा और दिव्य दरबार का आयोजन 22 सितंबर से 29 सितंबर तक किया जा रहा है।

# ग्रामीण स्वयं के व्यय से करायेंगे जर्जर स्कूल भवन की मरम्मत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गिधौरी

पिछले 4 वर्षों से शाला भवन के लिए तरस रहे पूर्व माध्यमिक शाला लिमतरी विकासखंड बिलाईगढ़ जिला सारंगढ़ के शिक्षकों, शाला प्रबंधन समिति, ग्राम पंचायत एवं ग्रामीणों के सहयोग से जर्जर शाला भवन के जीर्णोद्धार के लिए स्वयं के व्यय से मरम्मत कराने बैठक आहूत की गई।

इसमें सर्व सम्मति से सभी ने शाला भवन की मरम्मत कराने का निर्णय लिया। ग्राम पंचायत लिमतरी के प्राथमिक एवं पूर्व माध्यमिक दोनों शाला भवन पिछले 4 वर्षों से बंद पड़ा है, जिसकी मरम्मत लिए 12 जुलाई को लिखित आवेदन दिया गया था। अनुविभागीय अधिकारी बिलाईगढ़, तहसील कार्यालय, बीईओ, डीईओ, कलेक्टर से लेकर विधायक, वित्तमंत्री एवं मुख्यमंत्री जनदर्शन में भी जाकर गुहार लगायी जा चुकी है, परंतु किसी भी जिम्मेदार अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने आज पर्यंत तक इस ओर ध्यान नहीं दिया। शासन प्रशासन की इस अनदेखी वजह से ही अब ग्राम पंचायत लिमतरी, पूर्व माध्यमिक शाला परिवार एवम ग्रामवासियों ने एक साथ मिलकर मरम्मत कार्य शीघ्र ही कराने का बीड़ा उठाया है।

**खास बातें**

- विधायक, वित्तमंत्री एवं मुख्यमंत्री जनदर्शन में लगा चुके हैं गुहार
- ग्रामीण मरम्मत के लिए लंबे समय से करते आ रहे मांग पर नहीं हुई सुनवाई



**पहल : कलेक्टर की अध्यक्षता में छात्रावास अधीक्षकों की समीक्षा बैठक हुई**

# हॉस्टल में हो सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम, खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

कलेक्टर की अध्यक्षता में आदिवासी विकास विभाग द्वारा संचालित छात्रावास अधीक्षकों के कार्यों की समीक्षा की गई। उक्त बैठक में छात्रावास अधीक्षक ही नहीं बल्कि मंडल संयोजक, विभाग के चतुर्थ वर्ग के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। कलेक्टर सोनी ने कहा कि जिले का कोई भी बच्चा घर से दूर अपने माता–पिता को छोड़कर पढ़ाई करने के उद्देश्यों से आता हैं, उनके उद्देश्यों को पूरा करने के लायक बनना हम सब का दायित्व है। बच्चों को रोज रेडियो में समाचार सुनने के लिये प्रेरित करें और कोई एक दो अखबार पढ़ने कहा। उन्होंने कहा हॉस्टल में सुरक्षा के साथ खिलवाड़ बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। बच्चों को सुरक्षित महसूस कराना एवं अपने घर के बच्चों के समान ही देखभाल करना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। जिस तरह हम अपने बच्चों के प्रति व्यवहार रखते हैं, ठीक उसी तरह हॉस्टल के बच्चों के प्रति होना चाहिए। बच्चें घर से दूर अपने माता–पिता को छोड़कर पढ़ाई करने के उद्देश्यों से आते हैं उनके उद्देश्यों को पूरा करने के लायक बनना हम सब का दायित्व है। बच्चों को रोज रेडियो में समाचार सुनने के लिये प्रेरित करे और कोई एक दो अखबार पढ़ने कहा है।




### कन्या छात्रावास में सीसी टीवी कैमरा अनिवार्य

*विशेष रूप से कन्या छात्रावासों में सीसीटीवी कैमरे प्रतिदिन चालू रखने एवं महिला होम गार्ड के नियमित रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं। बैठक में उन्होंने भविष्य में औचक निरीक्षण करने के भी बात कही। इसके साथ ही स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों को बच्चों को रूटीन स्वास्थ्य चेकअप करने कहा। अच्छे स्वास्थ्य ही अच्छे शिक्षा का आधार है। बच्चों को गुड टच बेड टच के बारे में अवश्य बताये। उन्होंने कई बिंदुओं पर अधीक्षकों से चर्चा कर जानकारी ली। अधीक्षकों ने कलेक्टर से अपने विचार भी साझा किये। सहायक आयुक्त लोकेश्वर पटेल ने बताया की जिले में कुल 78 हॉस्टल है, जहां लगभग 3600 छात्र पढ़ाई करते हैं। इस बैठक में सहायक आयुक्त लोकेश्वर पटेल जिला के सभी हॉस्टल अधीक्षक उपस्थित थे।*

### छात्रावासों में हो पुलिस कंट्रोल रूम का नंबर

जिले के सभी हॉस्टलों में प्रशासनिक अधिकारियों सहित पुलिस कंट्रोल का नंबर का बोर्ड तीन दिवस के भीतर अंकित करने के निर्देश छात्रवास अधीक्षकों को दिए। साथ ही बोर्ड की फोटो ग्रुप में शेयर करने कहा। उन्होंने कहा की हॉस्टल में किसी भी तरह घटना होने पर तत्काल एसडीएम एवं सहायक आयुक्त को जानकारी दी जानी चाहिए, किसी तरह सूचना न देना भी एक अपराध की तरह है। श्री सोनी ने कहा कि हॉस्टल में बच्चों के रुचि अनुसार उनकी पढ़ाई, खेलकूद, कला से संबंधित हॉबी क्लब का गठन जरूर करें। हॉस्टल की साफ सफाई एवं खाने की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने कहा।

### मीनू चार्ट के अनुसार बनाया जाए भोजन

छात्रवास में खाद्यान्न उठाव में पारदर्शिता लाने मीनू चार्ट के अनुसार भोजन व्यवस्था कराने, छात्रवास की संचालन सुचारू रूप से करने, अधीक्षकों की नियमित उपस्थिति, छात्र–छात्राओं की उपस्थिति संबंधी जानकारी हासिल की। साथ ही छात्रवास भवनों के रख–रखाव, किचन गार्डन, नवाचार, बच्चों को सुचारू रूप से अध्यापन कार्य में मदद करने को कहा।

# मनोरोग, मानसिक तनाव बीमारी व चिंता पर स्वास्थ्य अधिकारियों ने लिया प्रशिक्षण



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भटगांव

जिले में कार्यरत सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारियों का टोरेंट प्रोजेक्ट के सहयोग से राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य कार्यक्रम सारंगढ़ के एक निजी होटल में हुआ। दो दिवसीय प्रशिक्षण में एन आई एम एच ए डब्ल्यू एस बेंगलुरू से आए मास्टर ट्रेनर रिया कुमारी द्वारा मानसिक स्वास्थ्य एवं मनोरोग, मानसिक तनाव व चिंता, मनोरोगियों की देखभाल, गंभीर मानसिक बीमारी, मानसिक बीमारी से संबंधित आपातकाल पर चर्चा करते हुए इनके लक्षणों की पहचान, मेरिट टूल किट से मरीजों को स्क्रीनिंग करने, मरीजों को परामर्श, उनका फॉलोअप तथा रेफर की विस्तृत जानकारी दी गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एफ आर निराला ने कहा कि वर्तमान समय में हर छः व्यक्ति में से एक व्यक्ति में किसी न किसी प्रकार के मनोरोग संबंधी लक्षण मिलते हैं, परंतु हमारे ओपीडी में इनका पंजीयन नहीं होना एवं समय पर इनका स्क्रीनिंग नहीं हो पाना उनके मानसिक स्वास्थ्य को गंभीर स्थिति में ले जाती है। ओपीडी में आने वाले मरीजों का मानसिक रोग से संबंधित स्क्रीनिंग भी की जाए तथा ऐसे प्रकरण मिलने पर उन्हें एवं उनके परिजनों को उचित सलाह देने, समय–समय पर फॉलोअप करने एवं जरूरत पड़ने पर रेफर करने की सलाह दी। प्रशिक्षण के अंत में समस्त प्रशिक्षणार्थियों को प्रशस्ति पत्र वितरण की किया गया।

# डीके महाविद्यालय में मना रासेयो दिवस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बलौदाबाजार

- स्वयंसेवकों ने दिया समाज में स्वच्छता, भाईचारा, नशामुक्ति का संदेश

नगर में स्थित शासकीय दाऊ कल्याण कला एवं वाणिज्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय, बलौदाबाजार में राष्ट्रीय सेवा योजना का 55वां स्थापना दिवस मनाया गया। इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्राचार्य डॉ. एआरसी जेम्स, डॉ. यूके मिश्रा, डॉ. आर दास, डॉ. सीके चंद्रवंशी, तारा पटेल, योगेंद्र कंवर, अफदुल वहीद एवं रासेयो कार्यक्रम अधिकारी नरेंद्र देव मिर्झा ने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। सभी अतिथियों द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से समाज में स्वच्छता, भाईचारा, नशामुक्ति का संदेश देते हुए अपने अंदर भी व्यक्तित्व विकास करने के लिए प्रेरित किया गया। रासेयो के लक्ष्य एवं उद्देश्यों के बारे में स्वयंसेवकों को अवगत कराया गया। महाविद्यालय के 21 छात्रों को विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत 'बी' प्रमाणपत्र का वितरण किया गया। कार्यक्रम में गीत, भाषण, नृत्य के माध्यम से जागरूकता एवं मनोरंजन प्रदान किया गया। छात्र–छात्राओं ने सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति से स्थापना दिवस को सफल बनाया। पूजा यादव, हिमानी यादव, यनुमा साहू, भूमिका साहू, गिरजाशंकर, संजना ध्रुव, सावित्री यादव द्वारा बहुत सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया।




# स्वच्छता पखवाड़े पर हुए विविध कार्यक्रम

**हिरमी- रावन**। अल्ट्राटेक हिरमी सीमेंट सीमेंट संयंत्र के ग्रामीण विकास विभाग एवं माइंस द्वारा समीपवर्ती ग्रामों में स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता के तहत स्वच्छता पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों, महिला समूह सदस्यों एवं पंचायत के प्रतिनिधियों की सहभागिता से पोस्टर पेंटिंग प्रतियोगिता, रंगोली व निबंध प्रतियोगिता के साथ साथ स्वच्छता रैली, गीत व भाषण के माध्यम से ग्रामीणों को स्वच्छता का संदेश देकर जागरूकता लाने के उद्देश्य से विभिन्न जगहों पर कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम हिरमी के नारी शक्ति भवन में रंगोली प्रतियोगिता में 25 महिलाओं ने भाग लिया। शासकीय हाई स्कूल बरडीह के 18 विद्यार्थियों द्वारा पोस्टर पेंटिंग व हाई स्कूल हिरमी के 32 विद्यार्थियों की निबंध प्रतियोगिता में सहभागीता रही। साथ ही ग्राम अमेरी में स्वच्छता अभियान के तहत विद्यालय प्रांगण व आसपास क्षेत्र में साफ सफाई की गई। ग्राम परसवानी के गौठान में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण भी किया गया। आयोजन में ग्रामीण का विभाग से वैभव त्रिपाठी, आशुतोष खरे, प्रीतम पटेल, मनोज वर्मा, राम निहोर साहू, हेमलाल साहू, तारणी राजपूत, सविता वर्मा, उमाशंकर व माइंस से विनय चिथरा, रतिकांत बहेरा, देवेंद्र इंदौरा की सराहनीय भूमिका रही।




# ओल्ड रेडियो लिसनर ग्रुप ने रेडियो श्रोता को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सिमगा

नगर में आज भी रेडियो श्रोताओं की कोई कमी नहीं है। यह कोई आश्चर्य नहीं सत्य बात है, रेडियो प्रेमी रेडियो के साथ ही अपने पसंद के फरमाइशी गाने भी सुनते हैं। नगर के एक ऐसे ही रेडियो श्रोता प्रदीप जैन हैं, जो रेडियो में ही कार्यक्रम सुनना पसंद करते हैं। उनके रेडियो के प्रति लगन से प्रभावित होकर ओल्ड लिसनर ग्रुप ने प्रदीप जैन को अवार्ड और प्रमाण पत्र प्रदान किया। इस पर रेडियो श्रोता लवकुश सेन, रमेश यादव, मोहन लाल देवांगन आदि ने जैन को बधाई दी।



# राजपूत समन्वय महासंगठन की बैठक में हुए कई निर्णय

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

प्रदेश स्तरीय सर्व क्षत्रिय राजपूत समाज के विभिन्न क्षत्रिय संगठनों की महा बैठक तिलक नगर बिलासपुर में आयोजित हुई। इसके संयोजक नवयुवक थे। बैठक में सामाजिक गणना पर जोर दिया गया, जिससे शासन में सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। उक्त बैठक में रायपुर ग्रामीण स्वजातीय बंधुओं की उपस्थिति रही। बैठक में प्रत्येक क्षत्रिय समाज संगठन से 2 से 5 सदस्यों के साथ एक सर्वमान्य महासंगठन निर्माण करने का प्रस्ताव पारित किया गया।




# भिनोदा-गगोरी व गिरसा-बेलाडूला मार्ग गड्ढे में तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गोपालपुर

अचंल में भिनोदा से गगोरी और गिरसा से बेलाडूला तक वर्षों पूर्व पक्की सड़क का निर्माण हुआ था, लेकिन अब सड़क इतनी खराब हो चुकी है, कि लोगों इस मार्ग से चलना मुश्किल हो रहा है। देखने में पक्की सड़क नजर नहीं आ रही है, पूरे गड्ढा में तब्दील हो गई है, जिससे चलने वालों राहगीरों को भारी परेशानी से गुजरना पड़ता है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने चर्चा के दौरान बताया कि उपरोक्त सड़क पर चलना खतरे से कम नहीं है। यहां से जब चार पहिए वाहन गुजरता है तो पैदल चलने वालों, दुपहिए वाहन को रुकना पड़ता है। इसी मार्ग से स्कूल, अस्पताल के लिए लोगों को जाना पड़ता है। क्षेत्र के ग्रामीणों ने सड़क को तत्काल मरम्मत करवाने एवं पक्की सड़क निर्माण की मांग शासन-प्रशासन से मांग की है।






# श्रीमद्भागवत कथा का समापन आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| खरोरा

समीपस्थ ग्राम चिचोली में चंदेल परिवार के तत्वावधान में परिवार की माता दिव्यात्मा शकुंतला देवी ठाकुर के वार्षिक श्राध्द तर्पण कार्यक्रम के अवसर पर श्रीमद्भागवत ज्ञान सप्ताह का आयोजन जारी है। कथा के षष्ठम दिवस कथा व्यास भागवताचार्य पं. लिकेश अवस्थी ने कहा कि यह कथा न केवल पापमोचनी, मोक्षदायिनी है, बल्कि आदर्श कर्मपथ का संदेश देती लोक व परलोक का मार्ग प्रशस्त करने वाली अद्भुत और दिव्य दर्शन का सशक्त माध्यम है। उन्होंने श्रीकृष्ण बाललीला एवं भगवान श्रीकृष्ण व रूखमणी विवाह की अनुपम व जीवंत कथा सुनाकर मंत्रमुग्ध कर दिया। रूखमणी मंगल–परिणय उत्सव में श्रोतागण, झूमते, नाचते दिखे। परायणकर्ता दुर्गेश वैष्णव, संगीत पक्ष मुकेश साहू, स्वरूप भगत, नरेंद्र वर्मा है। समापन 26 सितंबर को होगा। कथा का श्रवण करने अब तक विधायक, पूर्व विधायकों सहित दर्जन भर संगठन के नेता एवं व्यवसायी पहुंचे।






